प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम से जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त : प्रदेश के 2 करोड़ 15 लाख से अधिक किसान हुए लाभान्वित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे चरण का किया लोकार्पण : मुख्यमंत्री ने कहा– देश के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश।
3. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– तहज़ीब के साथ तेज़ विकास के लिए दुनियाभर में पहचान बना रहा है लखनऊ।

और

4. प्रदेश में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए कल और 15 मार्च को होगी लिखित परीक्षा : 4 हजार 543 पदों के लिये 15 लाख 75 हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों ने किया है आवेदन।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम से पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की। इससे देशभर के लगभग 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई। प्रदेश के 2 करोड़ 15 लाख से अधिक किसान भी इससे लाभान्वित

हुए हैं। उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से 4 हजार 335 करोड़ 11 लाख रुपये भेजे गए। कार्यक्रम को संबोधित करत हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना छोटे किसानों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान कर रही है। बाइट.....

*सम्मान निधि की योजना देश के छोटे किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का एक माध्यम बन गई। साथियों बीजेपी–एनडीए सरकार के लिए किसान हित से बड़ा और साथियों बीते 11 वर्षों में देश के किसान के इर्द–गिर्द बीजेपी–एनडीए सरकार ने एक मजबूत सुरक्षा कवच बना है। एमएसपी हो, सस्ता ऋण हो, फसल बीमा हो, पीएम किसान सम्मान निधि हो, यह योजनाएं किसानों का बहुत बड़ा संबल बनी है।*

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। वाराणसी के किसान अंजनी कुमार ने किसान सम्मान निधि की किस्त मिलने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया. उन्होंने कहा कि यह धनराशि किसानों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। बाइट.....

*किसान सम्मान निधि बहुपयोगी साबित हुआ। छोटों किसानों के लिए तो यह प्राण जैसा काम कर रहा है। छोटे किसान पहले टाइम से खेती नहीं कर पाते थे, गुवाई नहीं कर पाते थे। आज वह इससे बहुत संतुष्ट है और टाइम–टाइम से जो अब जरूरत पड़ती है, टाइम से पैसा आता इसलिए उनको जो है यह बहुत बहुमूल्य समझ में आता है। आज हम लोगों के खाते सम्मान निधि आने का मोदी जी को हम आभार प्रकट करते हैं।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में एक हजार 519 करोड़ रुपए की लागत वाले ग्रीन कॉरिडोर के दूसरे चरण का लोकार्पण और परियोजना के तीसरे व चौथे चरण का शिलान्यास किया। समतामूलक चौराहे से डालीगंज तक निर्मित ग्रीन कॉरिडोर का दूसरा चरण लोगों को ट्रैफिक से राहत देगा। वहीं तीसरे चरण के अंतर्गत समतामूलक चौक से शहीद पथ और चौथे चरण के अंतर्गत शहीद पथ से किसान पथ तक का निर्माण होगा। लोकार्पण के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में लखनऊ का विकास तेज़ गति से हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश कुशल नेतत्व के साथ आगे बढ़ रहा है और प्रदेश उसके ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। बाइट.....

*बहनों और भाइयों, अब तो लखनऊ अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ–साथ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के एक हफ्ते रूप में विकसित होते हुए और देश की रक्षा आवश्यकताओं का भी नया केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। याद करना आत्मनिर्भरता इसकी महत्वपूर्ण एक कड़ी है। दुनिया में एक आर्थिक अराजकता की स्थिति है। अनस्थितियों में हमारा देश मजबूती के साथ अपनी विकास की यात्रा को आगे बढ़ा रहा है और भारत आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाहन करते हुए आगे बढ़ रहा है।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ की तहज़ीब के साथ उसके विकास की चर्चा भी आज दुनियाभर में हो

रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में ढांचागत विकास के साथ युवाओं को रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है। श्री सिंह ने रक्षा क्षेत्र में लखनऊ के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश की सुरक्षा में लखनऊ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बाइट.....

*डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं होना चाहिए और इसके लिए उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर की भी स्थापना की गई है। लखनऊ में कई सारी डिफेंस फैसिलिटी भी स्थापित की गई हैं और ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन और टेस्टिंग फैसिलिटी भी अब कहीं होगी तो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में की जाएगी इसके कारण टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हमारे नौजवानों को नए अवसर भी मिलेंगे और इससे मेक इन इंडिया को भी एक बहुत बड़ी ताकत मिलेगी। लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में जो भूमिका निभा रहा है, उसे देखकर सचमुच यहां का जनप्रतिनिधि होने के नाते मुझे गौरव की अनुभूति है।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

**<u>पुलिस भर्ती परीक्षा</u>**

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए कल और 15 मार्च को लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के ज़रिये 4 हजार 543 पदों पर भर्ती की जाएगी। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक परीक्षा होगी। इसके लिए लगभग 15 लाख 75 हज़ार 760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। लिखित प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी, नकलविहीन और शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी से मानीटरिंग के लिए त्रिस्तरीय कन्ट्रोल और कमांड सेंटर की व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले प्रवेश पत्र और पहचान संबंधी दस्तावेज़ लेकर पहुंचें। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर जूते ना पहनकर जाने और इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, पाठ्य या नकल संबंधी सामग्री न लेकर जाने की भी सलाह दी गई है। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

---

**प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज कानपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव में किसी भी पोलिंग स्टेशन में 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। साथ ही चुनाव के दौरान सभी पोलिंग स्टेशन पर टोकन लेकर मोबाइल**

फोन जमा करने की सुविधा भी दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के सभी नागरिको से 10 अप्रैल को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने की अपील की है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश में रहने वाले सभी नागरिकों से यह अपील भी करूंगा कि अब जो 10 अप्रैल को हमारी अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी एसआईआर 2026 की उसको हर नागरिक जरूर देख ले । अगर कोई गलती है और नाम नहीं है तो फॉर्म छह भर दें। फॉर्म छह अभी भी भर सकते हैं। दावा आपत्ति अवधि तो 6 मार्च को समाप्त हो गई लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि लोग फॉर्म छह सात आठ नहीं भर सकते। वह अभी भी भर सकते हैं।*

———————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाता है। ऐसे विवाद जो अभी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए हैं, उन्हें भी वाद–पूर्व सुनवाई स्तर पर लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से निपटाया जा सकता है। इसमें लोग अपने ट्रैफिक चालान, चेक बाउंस, भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बिजली, पानी के बिल, और बैंक वसूली जैसे मामलों को निःशुल्क और शीघ्र निपटा सकते हैं।

———————————

रामज़ान के पाक महीने में आज अलविदा की नमाज़ प्रदेशभर में शांतिपूर्वक ढंग से अदा की गई। नमाज़ के बाद लोगों ने देश और प्रदेश में अमन–चन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। अलविदा की नमाज को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए। लखनऊ मे ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि इस मौके पर देश की तरक्की और दुनिया में चल रही जंग के खत्म होने की भी दुआ मांगी गई।

(समाप्त)